ईपीएफओ में पर्सनल असिस्टेंट और ईएसआईसी में नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए भर्ती परीक्षा

कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराना प्राथमिकता : आयुक्त

विधि-व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

पटना/संवाददाता। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग, नयी दिल्ली द्वारा आयोजित ईपीएफओ में पर्सनल एसिस्टेंट तथा ईएसआईसी में नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए भर्ती परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी इसके प्रति सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहेंगे। वे शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में दंडाधिकारियों, स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, केन्द्राधीक्षकों तथा अन्य पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि डीएम व एसएसपी द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण एवं भीड़ प्रबंधन के लिए स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक पर्यवेक्षक-सह-स्टैटिक दण्डाधिकारियों, जोनल दंडाधिकारियों-सह-सहायक समन्वयक पर्यवेक्षकों, सुरक्षित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। आयुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी परीक्षा की गरिमा को कायम रखेंगे। प्रोटोकॉल एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में लापरवाही एकदम बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा पाए जाने पर दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध विधि-सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ईपीएफओ में पर्सनल एसिस्टेंट तथा ईएसआईसी में नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए भर्ती परीक्षा रविवार को पटना केन्द्र के 13 से 14 उप केन्द्रों पर एक-एक पाली में आयोजित होगी। ईपीएफओ में पर्सनल एसिस्टेंट भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 5,633 तथा ईएसआईसी में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 5,942 है। आयुक्त ने दंडाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल, प्रकाश, हवा सहित अन्य व्यवस्था तथा आयोग के निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया।

रेलवे ट्रैक किनारे प्रेमी युगल ने किया विषपान, मौत

फतुहा/संवाददाता। गुरुवार की रात फतुहा में प्रेमी युगल ने विषपान कर लिया। प्रेमी युगल ने फतुहा व बुद्धदेवचक हॉल्ट के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे आकर विषपान कर लिया तथा दोनों अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। जानकारी के मुताबिक प्रेमी युगल ने विषपान करने के बाद इस बात की जानकारी फोन कर अपने स्वजनों एवं अपने मित्र को दी। जिसके बाद जानकारी होते ही दोस्त ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम प्रेमी युगल के खोजबीन में जुट गयी। खोजबीन के दौरान इसकी सूचना फतुहा जीआरपी को दी गई। जिसके बाद दोनों टीम ने मिलकर प्रेमी युगल को ढूंढ लिया। वहीं विष काफी असर कर चुका था, जिसके बाद दोनो प्रेमी युगल को इलाज के लिए फतुहा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया।

डायल-112 मेडिकल इमरजेंसी, आपात चुनौतियों से निबटने के लिए हमेशा तैयार : एडीजी

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। डायल-112 ने दो वर्ष पूरे कर लिये हैं। दो वर्ष पूरे होने पर एडीजी एनके आजाद ने बताया कि डायल-112 मेडिकल इमरजेंसी, आपात चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार है। कभी भी इमरजेंसी के दौरान डायल-112 पर कॉल करने पर क्विक रिस्पांस दिया जाता है। क्विक रिस्पांस करने के मामले में बिहार पूरे देश में 7 वें स्थान पर है। एकल पुलिस हेल्पलाइन के नंबर के तौर पर इसे विकसित किया जा रहा है। जो लगभग एक महीने में पूरा हो जाएगा। एडीजी ने कहा कि अभी कॉलर से फीडबैक लेने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। बहुत जल्द कॉल करने वाले लोगों से उनका फीडबैक लिया जाएगा। इससे काम करने की शैली और बेहतर होगी। इसके लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में तैयारी चल रही है। एनके आजाद ने बताया कि रोज लगभग पांच हजार लोगों को सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इस वर्ष पंद्रह लाख लोगों की सेवा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीते 2 वर्षों में 20 लाख लोगों को सुविधा दी गई है। बता दें इसमें अग्निशमन, एंबुलेंस की भी सुविधा जुड़ गई है।

पाटलिपुत्र गोलंबर के पास दुकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। पाटलिपुत्र गोलंबर पर नाश्ते की एक दुकान में भीषण आग लग गयी। आगलगी की घटना सुबह-सुबह की है। आग लगने के बाद आसपास में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ से अन्य दुकान आग की चपेट में नहीं आ सके। हालांकि एक गुमटी आग की चपेट में आ गयी। मौके पर मौजूद अग्निशमन के इंस्पेक्टर अजित कुमार ने बताया कि सुबह छह के आसपास आग लग गई थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जीएनएसयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

पटना/का.सं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जमुहार में स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। श्री कोविंद ने इसके लिए अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार शाम को पूर्व राष्ट्रपति के आवास पर जीएनएसयू के कुलाधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने श्री कोविंद से मिलकर इसके लिए आग्रह किया। उनके आग्रह पर श्री कोविंद ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है।

14 को 51 जोड़े का होगा सामूहिक विवाह

पटना/का.सं। माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 14 जुलाई को 51 जोड़े का

सामुहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी समिति की बैठक में सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 14 जुलाई को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में आयोजित होने जा रहे "एक विवाह ऐसा भी" के 12 वें संस्करण में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करने की स्वीकृति प्रदान कर मानवता का मान बढ़ाया है। मौके पर समिति अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने कहा कि राज्यपाल सामुहिक विवाह में भाग लेनेवाले जोड़े को आशीर्वाद देंगे साथ ही भारत सरकार, बिहार सरकार के आर्थिक सहयोग के जरिए थैलीसीमिया को हरानेवाले मौके पर उपस्थित बिहार के नन्हें बच्चों से भी मिलकर उनका उत्साह वर्धन करेंगे।

बिजली गिरने से महिला की मौत

हाजीपुर/संवाददाता। जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के निरपुर कुशाही गांव में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से थान का बिचरा उखाड़ रही महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला निरपुर गांव निवासी कमलेश राय की 35 वर्षीय पत्नी रीता देवी बतायी गयी है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर जुटे लोगों ने आनन-फानन में महिला को उठाकर दरवाजे पर ले गए जहां स्थानीय ग्रामीण चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर होगी कार्रवाई : डीएम

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में पीसी-पीएनडीटी एक्ट के अनुपालन, आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन तथा क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा की। अधिकारियों को सरकार के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने डीएम के संज्ञान में लाया कि जिला में कुल 913 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र पंजीकृत हैं। इसमें से 604 केन्द्रों का संचालन हो रहा है तथा 309 बंद है। डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि बंद अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों की सूची प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार उपलब्ध कराएं।

पंचायत सरकार भवनों का तेजी से निर्माण प्राथमिकता : डीएम

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का सफल क्रियान्वयन तथा पंचायत सरकार भवनों का त्वरित गति से निर्माण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। डीएम ने जिला अंतर्गत पंचायती राज विभागाधीन योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से एक-एक कर मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना तथा पंचायत सरकार भवनों के बारे में अद्यतन प्रगति का जायजा लिया।

जीएसवी वडोदरा और एयरबस ने किया एमओयू

पटना/संवाददाता। भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा और एयरबस ने शुक्रवार को भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया। सितंबर में हस्ताक्षरित एमओयू (समझौता ज्ञापन) में आगे का कार्य करते हुए (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया) रेमी मेलार्ड और (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) प्रो. मनोज चौधरी के बीच रेल भवन में एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

पटना/संवाददाता। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना-पुरी, बरौनी-ग्वालियर के मध्य तथा पटना के रास्ते हावड़ा-आसनसोल-मालडा टाउन से खातीपुरा (जयपुर) के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के प्रति यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए इनके परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी सं. 08439 पुरी-पटना स्पेशल अब 28 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी।

मालदा टाउन से उधना के लिए नौ को चलेगी स्पेशल ट्रेन

पटना/संवाददाता। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर भागलपुर-मुंगेर-बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर-कानपुर-आगरा फोर्ट-कोटा-वडोदरा के रास्ते मालदा टाउन से उधना के लिए एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी सं. 09016 मालदा टाउन-उधना स्पेशल 09 जुलाई (मंगलवार) को मालदा टाउन से 17.30 बजे खुलकर 21.35 बजे भागलपुर, 23.35 बजे मुंगेर के रास्ते बुधवार को 01.00 बजे बेगूसराय, 02.30 बजे बरौनी, 04.00 बजे समस्तीपुर, 05.35 बजे मुजफ्फरपुर, 09.00 बजे बापूधाम मोतिहारी एवं 10.15 बजे नरकटियागंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शुक्रवार को 00.30 बजे उधना पहुंचेगी।

मेडिवर्सल के कार्डियोलाजिस्ट डॉ. विकास हुए सम्मानित

पटना/संवाददाता। डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम नयी दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें बिहार के चिकित्सा क्षेत्र की कुछ प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मेडिवर्सल हेल्थकेयर के सह-संस्थापक और बेगूसराय के प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नलिनी रंजन सिंह और मेडिवर्सल अस्पताल पटना के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सलाहकार डॉ. विकास सिंह को भी सम्मानित किया गया।

एनएसएमसीएच में विट्रोस 5600 मशीन स्थापित

बिहटा/संवाददाता। बिहटा के अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एनएसएमसीएच) में मेडिकल कॉलेज में मरीजों की हर वक्त जबरदस्त भीड़ लगी रहती है। संस्था भी में यहां आए मरीजों के लिए सुविधा के लिये बेहतर से बेहतर इंतजाम में लगा है। शुक्रवार को साढ़े तीन करोड़ की लागत से 180 तरह की जांच करनेवाली जॉनसन एंड जॉनसन का विट्रोस 5600 मशीन बायोकेमिस्ट्री लैब में स्थापित किया गया।

पटना में बारिश से चरमरायी ट्रैफिक व्यवस्था

पटना/का.सं। पटना में बारिश की वजह से कई इलाकों में पानी भर गया है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। कई जगहों पर जाम की स्थिति रही। कारगिल चौक, पटना जंक्शन, बेली रोड, बोरिंग रोड, समेत अन्य इलाकों में यात्री ऑटो, बस, ई-रिक्शा के इंतजार में घंटों सड़क पर खड़े दिखे। वहीं, दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस के जवानों को भी गांधी मैदान थाना, रामगुलाम चौक, जेपी गोलंबर, बैंक रोड पर दबाव कम कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार रामगुलाम चौक पर खुद मॉनिटरिंग करते दिखे। दबाव और सड़क पर जल-जमाव के चलते रूट में भी बदलाव किया गया है। बिहार शरीफ के रहने वाले राहगीर मोहम्मद आसिफ ने बताया कि बीते एक घंटे से कारगिल चौक पर बस का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक एक भी बस नहीं आई है। राहगीर नीतीश कुमार ने बताया कि बेली रोड जाना है। बीते डेढ़ घंटे से ऑटो का इंतजार कर रहे हैं। ऑटो मिल ही नहीं रहा है।

देशभर से जुटे दंत चिकित्सक, कटे-फटे होंठ और तालु पर हुई चर्चा

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय क्लेफ्ट संगोष्ठी का आयोजन बुद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में किया गया। इस सेमिनार में देशभर से काफी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया। वैज्ञानिक संयोजक डॉ. राशि चौहान और वैज्ञानिक सह-संयोजक डॉ. अंजलि कौल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और भारतीय ऑर्थोडॉन्टिक सोसायटी तथा कॉलेज प्रशासन के सदस्यों को सम्मानित किया। आयोजन अध्यक्ष और ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमेश कुमार गोलवारा ने मुख्य अतिथि डॉ जीके चौधरी, आईओएस अध्यक्ष डॉ जयेश रहालकर, आईओएस सचिव डॉ संजय लाभ और आयोजन सचिव डॉ नील भरत केडिया और डॉ राजीव का स्वागत किया। लाल, संरक्षक ने डॉ. एडिंटन अरुमुगम, उपाध्यक्ष आईओएस और डॉ. पुनीत बत्रा, निर्वाचित राष्ट्रपति आईओएस का स्वागत किया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSE ONLY. THIS IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR UNITS OR SECURITIES, NOT FOR RESALE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY, INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Please scan this QR Code to view the DRHP)

BMW VENTURES LIMITED

BMW VENTURES LIMITED

Our Company was originally incorporated as "BMW Ventures Limited" at Patna, Bihar on October 07, 1994, as a Public Limited Company under the provisions of the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, Bihar, Patna, bearing Corporate Identification Number U25111BR1994PLC006131 and Certificate of Commencement of Business was issued on October 19, 1994 at Patna.

Registered and Corporate Office: 1st Floor, Mona Cinema Complex, East Gandhi Maidan, Patna-800004; Tel. No: +91 81022 23771/74;
E-mail: cs@bmwventures.com; Website: www.bmwventures.com; Contact Person: Ruchika Maheshwari Kejriwal, Company Secretary and Compliance Officer
Corporate Identity Number: U25111BR1994PLC006131

NOTICE TO THE INVESTOR: ADDENDUM TO THE DRAFT RED HERRING PROSPECTUS ("THE ADDENDUM")

PROMOTERS OF THE COMPANY: BIJAY KUMAR KISHOREPURIA, SABITA DEVI KISHOREPURIA, NITIN KISHOREPURIA, RACHNA KISHOREPURIA, BMW FIN-INVEST PRIVATE LIMITED AND RIDHISIDHI FINCON PRIVATE LIMITED

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 2,34,18,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS (THE "ISSUE"). THE ISSUE WOULD CONSTITUTE 27.00% OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

Potential Bidders may note that at the time of filing of the Draft Red Herring Prospectus, our Company had identified Bijay Kumar Kishorepuria, Sabita Devi Kishorepuria, Nitin Kishorepuria & Rachna Kishorepuria as the promoters of our Company. Our Company, in consultation with the relevant stakeholders and pursuant to the resolution passed by our Board on July 05, 2024, has decided to also identify BMW Fin-Invest Private Limited and Ridhisidhi Fincon Private Limited as the promoters of our Company, with effect from July 05, 2024 Accordingly, all references to the term "Promoter" or "Promoters" in the Draft Red Herring Prospectus, will also include BMW Fin-Invest Private Limited and Ridhisidhi Fincon Private Limited. and accordingly, the Draft Red Herring Prospectus including the cover page and sections titled "Definitions and Abbreviations", "Summary of the Offer Document", "Risk Factors", "Capital Structure", "Our Promoters and Promoter Group", and "Outstanding Litigation and Other Material Developments" on pages 1,21,32,95, 216, and 277 of the Draft Red Herring Prospectus have been suitably updated. All references to the term "Promoter" in the Draft Red Herring Prospectus, will include BMW Fin-Invest Private Limited and Ridhisidhi Fincon Private Limited. All the necessary updates to the Draft Red Herring Prospectus in this regard will be carried out in the Red Herring Prospectus and the Prospectus, as and when they are filed with the RoC, SEBI and the Stock Exchanges.

Potential Bidders may note that in order to assist the Bidders to get a complete understanding of the updated information, the updated relevant portions of the cover page and sections titled "Definitions and Abbreviations", "Summary of Offer Document", "Risk Factors", "General Information", "Capital Structure", "Our Promoters and Promoter Group", and "Outstanding Litigation and Other Material Developments" have been included in the Addendum. The above mentioned changes are to be read in conjunction with the Draft Red Herring Prospectus and accordingly their references in the Draft Red Herring Prospectus stand updated pursuant to the Addendum. The information in the Addendum supplements the Draft Red Herring Prospectus and updates the information in the Draft Red Herring Prospectus, as applicable. However, the Addendum does not reflect all the changes that have occurred between the date of filing of the Draft Red Herring Prospectus and the date hereof, and accordingly does not include all the changes and/or updates that will be included in the Red Herring Prospectus and the Prospectus. Please note that all other details information included in the Draft Red Herring Prospectus will be suitably updated, including to the extent stated in the Addendum, as may be applicable, in the Red Herring Prospectus and the Prospectus, as and when filed with the RoC, SEBI and the Stock Exchanges. Investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus or the Addendum for any investment decision, and should read the Red Herring Prospectus, as and when it is filed with the RoC, SEBI and the Stock Exchanges before making an investment decision with respect to the Issue.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "U.S. Securities Act") or the law of any state of the United States, and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act (as defined in Regulation S under the U.S. Securities Act ("Regulation S")) and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold outside the United States in "offshore transactions" as defined and in reliance on Regulation S and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales are made. There will be no public offering of the Equity Shares in the United States. The addendum which has been filed with SEBI and the Stock Exchanges shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing with SEBI and will be available on their website www.sebi.gov.in, the websites of the Stock Exchanges i.e., www.nseindia.com, www.bseindia.com, the website of the Company i.e. www.bmwventures.com, and the website of the BRLM, i.e., Sarthi Capital Advisors Private Limited at www.sarthi.in. All capitalized terms used in the Addendum shall, unless the context otherwise requires, have the meaning ascribed to them in the Draft Red Herring Prospectus

BOOK RUNNING LEAD MANAGER

Sarthi Capital Advisors Private Limited
CIN: U65190DL2012PTC238100
401, 4thFloor, Manek Plaza, 167, Vidyanagari Marg, Kalina, Santacruz (E), Mumbai – 400 098
Tel No.: +91 22 2652 8671/ 72
Email Id: compliance@sarthiwm.in
Website: www.sarthi.in
Contact Person: Taher Engineer
SEBI Registration No.: INM000012011

REGISTRAR TO THE ISSUE

Cameo Corporate Services Limited
CIN: U67120TN1998PLC041613
Subramanian Building, 1, Club House Road, Chennai-600002
Tel No.: +91 44 4002 0700
E-Mail Id: bmw@cameoindia.com
Investor Grievance E-Mail Id: investor@cameoindia.com
Website: www.cameoindia.com
Contact Person: K. Sreepriya
SEBI Registration No.: INR000003753

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed in the DRHP.

For BMW Ventures Limited
On behalf of Board of Directors
Sd/-
Ruchika Maheshwari Kejriwal
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Patna
Date: July 05, 2024

BMW Ventures Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the DRHP dated June 28, 2024 with SEBI. The DRHP shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, NSE at www.nseindia.com, BSE at www.bseindia.com and the website of the BRLM at www.sarthi.in and our Company at www.bmwventures.com. Any potential investor should note that the investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to risk, please see the section titled "Risk Factors" of the RHP, when filed. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decisions. Specific attention of the Investors is invited to "Risk Factors" beginning on page 32 of the DRHP.

The Equity Shares offered have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act, 1933, as amended ("U.S. Securities Act") or any other applicable laws in the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. Accordingly, the Equity shares are being offered and sold outside the United States in offshore transactions as defined in and in reliance on regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be issued or sold, and Bids may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

Sunjeet Comm.

सरकारी स्कूलों में क्षमता से अधिक बच्चे, बेंच-डेस्क पर्याप्त नहीं

जहां बच्चों की संख्या ज्यादा है वहां दो शिफ्ट में चलेंगे स्कूल : डीईओ

पटना/का.सं। पटना जिले के 187 भवनहीन और भूमिहीन प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को मर्ज किया गया है। राजधानी के ज्यादातर मर्ज स्कूलों में बच्चों की संख्या अत्यधिक हो गई है। इस वजह से ज्यादातर स्कूलों में एक बेंच पर 6-7 बच्चों को बैठाया जा रहा है। ज्यादातर स्कूलों में एक ही कमरे में कई कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। बच्चों को बरामदे पर भी बैठा कर कक्षाएं ली जा रही हैं। बालक मध्य विद्यालय दीघा के मूल स्कूल में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसकोठी को मर्ज किया गया है। मर्ज होने के बाद यहां बच्चों की संख्या 960 हो गई है। छह कमरों में ही कक्षा एक से आठवीं तक के 960 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऐसे में एक बेंच पर 5-6 बच्चे जैसे-तैसे बैठने को मजबूर हैं। प्रधानाध्यापक रंजू देवी ने बताया कि कमरे कम हैं और बच्चों की संख्या अधिक हो गई है। प्रतिदिन 10-20 बच्चे नामांकन के लिए आते हैं, जिन्हें लौटा दिया जाता है। जिला शिक्षा कार्यालय ने ऐसे 6 स्कूलों को जहां बच्चों की संख्या अधिक है, वहां दो शिफ्ट में स्कूल संचालित करने का निर्देश दिया है। कन्या मध्य विद्यालय, पुनाईचक सुबह 6 से 11:30 बजे तक और सुबह 11:30 से 5 बजे तक संचालित होगा। इसी तरह कन्हाई लाल मध्य विद्यालय, चुटकिया बाजार में पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई सुबह 6 से 11:30 बजे तक और छठी से आठवीं तक की 11:30 से 5 बजे तक होगी। मध्य विद्यालय, बुढ़रा, अथमलगोला सुबह 6 से 11:30 बजे तक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, उस्मानपुर, अथमलगोला सुबह 11:30 से 5 बजे तक, उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर पश्चिमी, मनेर दो पालियों में सुबह 6 से 11:30 बजे तक और 11:30 से 5 बजे तक संचालित होगा। मध्य विद्यालय खाजपुरा सुबह 6 से 11:30 बजे तक और वर्ग 6 से 8 तक 11:30 से 5 बजे तक चलेगा। जदयू कार्यालय के पास स्थित एक ही कैंपस में दो स्कूल चल रहे हैं। बालक मध्य विद्यालय अदालतगंज में ही मध्य विद्यालय मीठापुर अशोक मार्केट को मर्ज कर दिया गया है। इस स्कूल की हालत ऐसी है कि दो ही कमरे में 437 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। दो कमरों में क्लास 1 से 8 तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानाचार्य राकेश कुमार दुबे ने बताया कि बच्चों की अत्यधिक संख्या होने के कारण 1 से 5वीं तक की कक्षाएं 9 से 12 बजे तक और छठी से आठवीं तक की 12 से 4:30 तक चल रही हैं। कन्या मध्य विद्यालय दीघा में प्राथमिक विद्यालय मुसहर टोली को मर्ज किया गया है। तीन कमरों में पहली से 8वीं तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानाचार्य धर्मशीला कुमारी ने बताया कि कमरों की कमी के कारण 9 से 12:30 तक पांचवीं तक, जबकि 12 से 4:30 बजे तक कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जहां बच्चों की संख्या अधिक होगी और कमरे कम होंगे, वहां स्कूल के प्रधान समन्वय स्थापित कर कक्षाएं संचालित करेंगे। मर्ज किए जाने के बाद बच्चों की संख्या बढ़ेगी तो वहां दो शिफ्ट में स्कूल संचालित होगा।